Bhojpuri Programme on T.V.

5819. SHRI HALIMUDDIN AHMED: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the fact that neither any "BHOJPURI" programme nor programme for Muslim community is shown on T.V. Centre, Delhi;

(b) if so, whether Government will give more programme for Bhojpuri and Muslims; and

(c) if not, the reasons in details thereof?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI L. K. ADVANI):(a) to (c). The main language in which programmes are telecast from Delhi Doordarshan Kendra is Hindi. However, the Kendra does include programmes in Bhojpuri occasionally.

It is not the policy of Doordarshan to telecast programmes on a religious basis. All important festivals and events connected with various communities are reflected in Doordarshan programmes so that a composite cultural picture emerges.

आकाशवाणी और दूरदर्शन में दो महानिदेशकों के सेवाकाल को बढ़ाया जाना

5820. **श्री नवाब सिंह चौहान :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत वर्ष आकाशवाणी और दूरदर्शन में दो महानिदेशकों की सेवा की अवधि 58 वर्ष की आयु पर सेवानिवृत्ति होने पर उसी पद पर एक वर्ष के लिए बढ़ा दी गई थी;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इस वर्ष सेवा निवृत्त होने वाले उप-महानिदेशक के मामले में भी इस पूर्वोदाहरण का अनुसरण करने और उनकी सेवा में एक वर्ष की वृद्धि करने का है;

(ग) यदि नहीं, तो दो उप-महानिदेशकों को पहले सेवा काल में वृद्धि देने के क्या कारण हैं; और

(घ) यदि हां, तो इस बारे में कब तक निर्णय किया जाएगा?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) जी, नहीं।

(ख) से (ग). आकाशवाणी में एक उप-महानिदेशक और दूरदर्शन में अन्य उप-महानिदेशक को गत वर्ष अधिवार्षिकी आयु के हो जाने के बाद क्रमशः 9 मास और 11 मास के लिए पुनर्नियुक्त किया गया था क्योंकि निर्धारित भर्ती नियमों के अनुसार जिस संवर्ग से पद भरे जाने थे उसमें कोई भी अधिकारी ऐसी पात्रता नहीं रखता था जिसके नाम पर उप-महानिदेशक के रूप में पदोन्नति के लिए विचार किया जा सके। आकाशवाणी और दूरदर्शन में उप महानिदेशक के पद जो इस वर्ष खाली होने हैं, को नियमों के अनुसार भरने की आवश्यक कार्रवाई पहले ही शुरू कर दी गई है। पदों को शीघ्र भर दिये जाने की आशा है।

1976--78 के दौरान आयात

5821. **श्री हुकमदेव नारायण यादव :** क्या **उप प्रधान मंत्री तथा रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि 1976 से 1978 के दौरान वस्तु-वार तथा देशवार कितने मूल्य के आयात किए गए तथा आयात करने वाली कम्पनियों एवं व्यक्तियों के नाम एवं पते क्या हैं?

उप प्रधान मंत्री तथा रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) : 1976-78 की अवधि में हमने दुनिया के विभिन्न भागों के अनेक देशों से रक्षा मदों का आयात किया है। यह आयात विशेष मद की आवश्यकता, उसकी उपलब्धता और सप्लाई की शर्तों के आधार पर किया गया है। आयात विभागीय अथवा सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के माध्यम से सरकारी खाते पर किया जाता है। किसी निजी कम्पनी अथवा व्यक्तियों की मार्फत कोई आयात नहीं किये जाते हैं। माननीय सदस्य इस बात से एकमत होंगे कि विदेशों में रक्षा उपस्कर प्राप्त करने के बारे में ब्यौरे प्रकट करना लोकहित में नहीं होगा।